05.11.2024 आकाशवाणी भोपाल 2.10 PM

दोपहर समाचार
प्रादेशिक समाचार

<u>राज्य मंत्रिमंडल बैठक</u>

राज्य मंत्रिमंडल की आज हुई बैठा में कई फैसले लिए गए. बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने की. बैठक में मेडिकल कालेज के के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर की आयु सीमा 40 साल से बढ़ाकर 50 साल कर दी गयी है. मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए 254 नगद नए उर्वरक केंद्र खोलने की स्वीकृति दी गई है।

<u>विधिक सेवा सप्ताह</u>

प्रदेश भर में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं. जबलपुर में विधिक सेवा सप्ताह के शुभारंभ अवसर प्रधान जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक अवस्थी ने विधिक सेवा जागरूकता बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आगरमालवा में विधिक सेवा सप्ताह की श्रृंखला में सोमवार को जिला जेल, विधिक शिविर आयोजित कर व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड वरुण कुमार शर्मा द्वारा जेल में निरुद्ध बंदियों को बंदियों के अधिकार एवं यूटीआरसी योजना सहित महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णय की जानकारी दी गई। बालाघाट में भी बाईक रैली का आयोजन जिला न्यायालय परिसर से किया गया। बाईक रैली को न्यायाधीश श्री थपलियाल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

<u>रेलवे व्यवस्था</u>

त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए, रेलवे प्रशासन और रेलवे सुरक्षा बल ने भोपाल और इटारसी रेलवे स्टेशनों पर विशेष सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन रणनीतियों को लागू किया है। इन उपायों का उद्देश्य सभी यात्रियों की सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करना है।

भोपाल मंडल के सभी स्टेशनों पर मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में वाणिज्य पर्यवेक्षक एवं आरपीएफ निरीक्षक, उप-निरीक्षक, और सहायक कर्मचारी प्लेटफार्म, फुट ओवरब्रिज और ट्रेनों पर भीड़ नियंत्रण और व्यवस्थित बोर्डिंग के लिए तैनात किए गए थे। भोपाल स्टेशन से प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के सामान्य कोचों में यात्रियों की सुगम बोर्डिंग के लिए क्यू सिस्टम स्थापित किया गया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इटारसी स्टेशन सामान्य कोचों के पास भीड़ नियंत्रण बनाए रखने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए ।

छठ पर्व

प्रदेश में भी आज से नहाय-खाय के साथ लोक आस्था का पर्व छठ शुरू हो गया है। सूर्योपासना के चार दिन के इस पावन अनुष्ठान में कल देर शाम खरना का विधान संपन्न होगा। इसके बाद लगभग 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा। सात नवंबर बृहस्पतिवार की संध्या अस्ताचलगामी सूर्य और शुक्रवार प्रात: उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ ही पर्व का समापन होगा। जबलपुर में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अधिकारियों को सभी घाटों पर आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। अनूपपुर जिले में मड़फा तालाब छठ पूजा समिति के शिवांशु रंजन ने बताया कि सुरक्षा का खास ख्याल रखा जा रहा है.

समाचार संक्षेप में....

1. जबलपुर में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें जलवायु परिवर्तनों के कारणों और उससे मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।
2. शिवपुरी जिले में नापतोल विभाग के द्वारा चलाये गये विशेष जांच अभियान में 228 संस्थानों की जांच कर 49 व्यापारिक संस्थानों के विरूद्ध नाप-तौल उपकरणों एवं पैक बंद वस्तुओं में अनियमितता पाई जाने के कारण प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं।
3. बालाघाट में पटाखों से प्रतिमाएं क्षतिग्रस्त करने के मामले में सीएमओ ने एफआईआर दर्ज कराई है. पुलिस मामले में कारवाही कर रही है.
4. नर्मदापुरम जिले में नाप तौल विभाग ने त्योहारों के मद्देनजर विशेष जांच अभियान चलाया जो अब भी जारी है। इसके तहत दीपावली बाद नियम का उल्लंघन करने पर 12 के प्रकरण बनाए गए हैं।
5. पर्यटन एवं संस्कृति विभाग मशहूर संगीतकार "बैजु बावरा" पर आधारित एक भव्य नाटक का मंचन कल 6 नवंबर को जनजातीय संग्रहालय में शाम 6 बजे से होगा।